तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 12 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

कहीं पाइप लाइन विस्तार का इंतजार तो कहीं आधे गांव में हो रही पानी की आपूर्ति

4



## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 10- 10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश अग्रवाल ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में बतौली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान यामाहा आर 15 मोटरसायकल क्रमांक सीजी 13 एएल 8931 के चालक बतौली निवासी 22 वर्षीय नकुल यादव आ. जगनारायण यादव व वाहन क्रमांक सीजी 15 डीसी 1488 के चालक बतौली खड़धोवा निवासी विनोद यादव आ. धनई यादव को रोककर उनकी जांच की। जांच के दौरान चालको का डॉक्टरी मुलाहिजा कराने पर चालक शराब के नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने दोनों के खिलाफ एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने दोनों प्रकरणों में चालकों पर 10- 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर, आरक्षक राजू कुजूर, जोगी बड़ा, राजेश खलखो सक्रिय रहे।

### अग्निवीर भर्ती: ऑनलाइन पंजीयन 1 अप्रैल तक

**अम्बिकापुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक किया जा सकेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। वेबसाइट पर अग्निपथ लिंक पर क्लिक कर नए उपयोगकर्ता के रूप में पंजीयन करने के बाद अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, संचार विवरण तथा अन्य आवश्यक जानकारी भरकर आवेदन पूर्ण कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने पर सिस्टम द्वारा रोल नंबर जनरेट किया जाएगा। परीक्षा तिथि से लगभग 10-15 दिन पूर्व अभ्यर्थी वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### मौसमी बीमारियों को लेकर अस्पतालों में रखें तैयारी

**अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने समस्त सीएमएचओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन पश्चात कई प्रकार की बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आवश्यक तैयारियां जैसे कि, सरगुजा संभाग अन्तर्गत आने वाले समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में बीमारियों से बचाव एवं उपचार हेतु आवश्यक औषधियों का भण्डारण, स्वास्थ्य संस्थान एवं परिसर में साफ-सफाई तथा समस्त संस्थाओं में चिकित्सक, कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि संभाग में 15 मार्च से जून के दौरान भीषण गर्मी एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण जन-मानस का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, जिससे लू लगना तथा मौसमी जलजनित संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य संस्था में जैसे की लू के लक्षण, लू से बचाव के उपाय, लू लगने पर प्राथमिक उपचार, सूचना तंत्र (मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और अस्पताल प्रभारियों के मोबाईल नंबर अपडेट रखें) एवं प्रभावित मरीजो को तुरन्त उपचार मिल सके स्वास्थ्य विभाग में एम्बुलेंस सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएं।



रमज़ान मुबारक

बाइसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.09 बजे

कल की सेहरी - 4.44 बजे

## दिनभर चली कार्रवाई, मौजूद रहे अफसर

# अफीम की खेती में किसी बड़े सिंडिकेट के शामिल होकर काम करने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/कुसमी

त्रिपुरी गांव के सरनाटोली में अफीम की खेती के मामले में दो दिनों के बाद भी कार्रवाई पूरी नहीं हो पाई है।

**खास बात**
- सरगना अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर

दिनभर का समय बीत जाने के बाद भी टीम खेत से अफीम की फसल को जब्त नहीं कर पाई है और इस कार्य में गुरुवार तक का समय लगने की बात कही जा रही है लेकिन अब तक इस पूरे कारोबार को संचालित करने वालों के नाम सामने नहीं आ पाए है। अफीम की खेती में एक पूरे सिंडिकेट के सक्रिय होने की संभवना जताई जा रही है क्यों कि खेत में फसल उगना तो सिर्फ पहला चरण है इसके बाद बाद अफीम की फसल को काटकर उसकी बिक्री और तस्करी करना सबसे बड़ी चुनौती होती है और यह कार्य आम लोगों के बस की बात नहीं है।

बता दें कि कुसमी विकासखंड के त्रिपुरी गांव के सरना टोली में अफीम की खेती का खुलासा हुआ है। जंगल किनारे पहाड़ के नीचे दो किसानो रूपदेव भगत और कौशल भगत की जमीन को लीज पर लेकर झारखंड के लोगों द्वारा अफीम की खेती किए जाने की बात सामने आई है। तस्करों द्वारा पहाड़ के नीचे मौजूद स्टाप डेम से पानी लेकर खेत में सिंचाई की जाती थी। पहाड़ के नीच दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण आम लोगों की आवाजाही कम होती थी। जनवरी में डैम के समीप कुछ लोग पिकनिक मनाने पहुंचे थे तो अफीम में फूल लगे थे और कुछ में डोडे भी आ गए थे। ग्रामीणों को बताया गया कि यह फूलों की खेती है। ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि अफीम की खेती लम्बे समय से चल रही थी और जिला व पुलिस प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। अब पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया है लेकिन इस पूरे कारोबार में किसी बड़े सिंडिकेट के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि अफीम की फसल को उगाने के बाद इसके डोडा में चीरा लगाने का काम भी इस काम में वर्षों से शामिल रहे लोग ही कर सकते है इसके साथ ही फसल तैयार होने के बाद इसके बिक्री और तस्करी का काम भी पूरी योजना के तहत बड़े गिरोह द्वारा ही किया जा सकता है। ऐसे में दुर्ग और अब कुसमी में अफीम की फसल मिलने के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्रदेश में अफीम व सूखा नशा का कारोबार करने वाला कोई बड़ा गिरोह तस्करी को अंजाम दे रहा है।



अफीम की खेत में कार्रवाई करते अधिकारी।

### कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

इधर अफीम की खेती के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दस सदस्यीय जांच कमेटी तैयार की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कमेटी का गठन किया है जिसमें पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम को समिति का संयोजक बनाया गया है। समिति में पूर्व विधायक भानुप्रताप सिंह, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुसमी हरीश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरगढ़ विजय पैकरा, ब्लॉक अध्यक्ष चांदो अब्दुल्ला खान, नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष राजेन्द्र भगत तथा ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फिलोमिना टोप्पो को सदस्य बनाया गया है। कमेटी ने बुधवार को घटना स्थल का दौरा किया कर ग्रामीणों से बात करने के साथ ही जानकारी एकत्रित की। कांग्रेस अब इस मामले में प्रदेश सरकार को घेरने के साथ ही विरोध प्रदर्शन और आंदोलन की तैयारी में है।

### कितनी अफीम की तस्करी हुई पता नहीं

झारखण्ड के लोगों ने लीज पर रूपदेव भगत और कौशल भगत की जमीन ली और उसपर खेती करते थे। इसके साथ ही खेत की निगरानी का काम जिरमल राम नामक व्यक्ति करता था। बड़ी बात यह है कि सरगना कभी भी गांव में नहीं आता था और अपने अपने लोगों की मदद से कारोबार कर रहा था। खेत में लम्बे समय से खेती चल रही है और पूर्व में खेत से अफीम की फसल निकालकर उसके डोडा को सुखाया गया और उसकी तस्करी भी की गई होगी लेकिन पुलिस पास इसे लेकर अब तक कोई ठोस जवाब नहीं है। गांव का सरपंच फेकूंदर नाग बता चुका है कि उसने पूर्व में इसकी सूचना दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## धोखाधड़ी एवं कूटरचना कर जमीन निष्पादित कराने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** धोखाधड़ी एवं कूटरचना कर जमीन निष्पादित कराने के मामले में पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी असल ऋण पुस्तिका के स्थान पर कूटरचना कर फर्जी ऋण पुस्तिका का उपयोग कर धोखाधड़ी की थी। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक मायापुर निवासी फैजान आलम अंसारी ने कोतवाली में शिकायत किया था कि उसके दादी स्व. जमीला खातून के स्वामित्व व आधिपत्य की 10 डिसमिल भूमि मायापुर में था। वर्ष 2019 में उक्त भूमि की वसीयत दादी अपने जीवन काल में ही दो हिस्सों में कर दी थी परन्तु वर्ष 2021 में बड़ी बुआ के पुत्र अहमद अली एवं अन्य ने बिना परिवार के अन्य सदस्य को बताये ही जमीन का विक्रय नामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया है। बिक्रीनामा पंजीयन के दस्तावेज का अवलोकन करने पर पाया कि पंजीयन दस्तावेजों में दर्ज द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जो कि असल ऋण पुस्तिका से भिन्न है उसके बाद प्रार्थी भू-अभिलेखों का अवलोकन किया तो पाया कि ऋण पुस्तिका असल ऋण पुस्तिका है जो कि राजस्व भू-अभिलेखों में दर्ज थी तथा कार्यालय तहसीलदार, कार्यालय पटवारी व कार्यालय कलेक्टर से जानकारी मिली कि ऋण पुस्तिका न तो शासन द्वारा जिले को आवंटित हुई है न ही किसी सक्षम कार्यालय व अधिकारी द्वारा विधिवत जारी हुई है।अहमद अली एवं अन्य ने व्यपवर्तित भूमि को बिना कलेक्टर के अनुमति लिए बिना ही क्रय-विक्रय करने के उद्देश्य से फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार करके स्व. जमीला खातून एवं उसके समस्त जीवित संतान के साथ छल किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अहमद अली को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो फर्जी द्वितीय कूटरचित ऋण पुस्तिका के संबंध में कोई जानकारी नहीं होना बताते हुए गोल मोल जवाब देने लगा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया वहीं प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## राशि के अभाव में भुगतान लंबित होने से आक्रोशित किसानों ने किया एनएच जाम



**सीतापुर।** बैंक में व्याप्त अव्यवस्था एवं राशि के अभाव में भुगतान में हो रहे विलंब से आक्रोशित किसानों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम की सूचना के बाद एसडीएम रामसिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्या सुनी। इस दौरान किसानों ने बैंक पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए एसडीएम को अपनी समस्या गिनवाई। किसानों की समस्या गंभीरता से सुनने के बाद एसडीएम ने उसे दूर कराने का आश्वासन दिया तब जाकर किसान माने और घंटो चले चक्काजाम को समाप्त किया।

विदित हो कि धान खरीदी के बाद राज्य सरकार किसानों का पैसा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया है। जिसे खाते से आहरण करने दूर दराज क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में किसान बैंक पहुंच रहे है लेकिन बैंक आने के बाद किसानों को जरूरत के अनुसाए पैसा नही मिल पा रहा है। पूरे दिन लाइन में खड़ा होने के बाद भी किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह बैंक में राशि का अभाव बताया जा रहा है जिसकी वजह से ये समस्या उत्पन्न हुई है। इस बीच अगर बैंक में पैसा आ भी गया तो वो ऊंट के मुंह में जीरे के समान होता है इसमे भी अगर कोई बड़ा रसूखदार किसान या नेता या गए तो पहले उनकी झोली भरी जाती है। इसके बाद बची खुची राशि किसानों के बीच वितरण किया जाता है कई बार तो ऐसा होता है कि बैंक में खाता जमा करने के बाद भी कई दिनों तक किसानों को पैसा नसीब नहीं होता है। लम्बे समय से चल रही समस्या के कारण किसानों का धैर्य जवाब दे दिया और बैंक की अव्यवस्था से नाराज किसानों ने तहसील कार्यालय के पास नेशनल हाईवे जाम कर दिया। दोपहर डेढ़ बजे से ढाई बजे तक चले चक्काजाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान नेशनल हाईवे में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। किसानों द्वारा चक्काजाम की की खबर लगते ही एसडीएम रामसिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। चर्चा के दौरान एसडीएम एवं किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल बैंक पहुंचा और राशि भुगतान में होने वाले विलंब के बारे में पूछताछ की। बैंक प्रबंधक तिलक चौहान ने भुगतान में होने वाले विलंब की वजह बैंक में पर्याप्त मात्रा में राशि का अभाव होना बताया। एसडीएम द्वारा इसे दूर कराने के आश्वासन के बाद किसानों माने और एक घंटे बाद चक्का जाम समाप्त किया। किसानों द्वारा चक्का जाम समाप्त करने के बाद प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन ने राहत की सांस ली।

- प्रशासन की समझाइश पर किया चक्काजाम समाप्त

इस संबंध में एसडीएम रामसिंह ठाकुर ने बताया कि बैंक से भुगतान में विलंब की वजह से किसान नाराज थे। इसलिए उन्होंने विरोधस्वरूप चक्काजाम किया था। इस संबंध में कलेक्टर एवं सीईओ कोऑपरेटिव बैंक को अवगत करा दिया गया है। उम्मीद है दो चार दिनों में ये समस्या दूर हो जायेगी।

## कलेक्टर ने डीएमएफ मद से निर्माण के लिए दी स्वीकृति

# नवापारा सीएचसी में किया जाएगा ऑपरेशन थिएटर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के नवापारा सीएचसी में अब जल्द ही ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। सरगुजा कलेक्टर ने ऑपरेशन थिएटर निर्माण के लिए डीएमएफ मद से राशि स्वीकृत की है। लगभग दस लाख रूपए की लागत से ऑपरेशन थिएटर को स्थापित किया जाएगा जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी और मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भी वर्क लोड कम हो सकेगा।

बता दें कि शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा काफी व्यस्त अस्पताल है। इस अस्पताल में शहर सहित आस पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में मरीज जांच व उपचार के लिए पहुंचते है। सीएचसी नवापारा में मरीजों की भीड़ का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि सीएचसी की प्रतिमाह की ओपीडी ही 55 सौ के आस पास होती है जबकि आईपीडी भी 300 से अधिक होती है। इस अस्पताल में कैंसर की कीमोथेरेपी की सुविधा लोगों को मिली, सिकल सेल प्रबंधन सहित अन्य कार्य वर्षों से किए जा रहे है। अस्पताल में सिर्फ एक ऑपरेशन थिएटर की जरुरत महसूश हो रही रही थी जो अब पूरी होती नजर आ रही है। दरअसल पिछले दिनों कलेक्टर अजीत वसंत नवापरा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल में एक ऑपरेशन थिएटर के निर्माण को सहमती प्रदान की थी। वहीं सोमवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने ऑपरेशन थिएटर के निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। अस्पताल में मौजूद भवन में ही नगर निगम द्वारा ऑपरेशन थिएटर के मानक अनुरूप जीर्णोद्धार किया जाएगा जबकि अन्य उपकरणों की खरीदी विभाग की तरफ से की जाएगी। कलेक्टर ने सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर अप्रैल माह तक ऑपरेशन थियेटर का संचालन शुरू करने निर्देशित किया। इस ऑपरेशन थिएटर का निर्माण पूर्ण होने के बाद आने वाले समय में नसबंदी, प्रसव के ऑपरेशन के साथ ही अन्य छोटे छोटे ऑपरेशन किए जा सकेंगे। अस्पताल में पहले से गायनेकोलॉजिस्ट मौजूद है इसके साथ ही जिला अस्पताल के सर्जन भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे। ऑपरेशन थिएटर का निर्माण होने के बाद सैकड़ों लोगों को नवापारा सीएचसी में बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी।



### मिली है स्वीकृति

नवापारा सीएचसी में ऑपरेशन थिएटर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए कलेक्टर द्वारा राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। ऑपरेशन थिएटर बनने के बाद छोटे छोटे ऑपरेशन हो सकेंगे और जिला अस्पताल का वर्क लोड कम होगा।

-पीएस मार्को, सीएमएचओ



जानकारी लेते जेडी।

## जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक-स्वास्थ्यकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने सूरजपुर जिले के रामानुजनगर सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सक के साथ ही अन्य स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। बता दें कि बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला शाम लगभग 4.15 बजे सूरजपुर जिले के रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे थे। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डॉ. डीके विश्वकर्मा एक दिवस, डॉ. आर सिंह दो दिवस, स्टाफ नर्स देवकी, एएनएम श्रीमती डी दुबे, टीके रॉयल एक दिवस, पीएन साहू एक दिवस, डॉ. सुभाष पटेल आयुष मेडिकल ऑफिसर, ज्ञानेंद्र पांडे फार्मासिस्ट तीन दिवस अपने कार्य में अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को जेडी हेल्थ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी को नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अस्पताल में स्टोर कक्ष में दवाइयों पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं पाया गया, अस्पताल एवं परिसर में साफ सफाई का अभाव पाया गया, जिसे सुधार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

- कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश



## चल रहा भाथूपारा तालाब को पाटने का काम, पार्षद ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाथूपारा तालाब को अवैध रूप से पाटने और उसपर अतिक्रमण को लेकर निगम पार्षद शुभम जायसवाल ने सरगुजा कलेक्टर को एक ज्ञापन देकर दोषियों पर कार्रवाई एवं तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि रिंग रोड से लगे भाथूपारा तालाब में के कई हिस्सों को पाट कर वर्षो से इसपर अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसके कारण इस तालाब का अस्तित्व खतरे में पड गया है। इस तालाब के करीब 30 प्रतिशत हिस्से को पाटकर कई मकान और गैरेज का निर्माण कर लिया गया है। अब पुनः भू-माफिया इस तालाब के उत्तरी हिस्से को पाट कर समतलीकरण कर इसपर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे भी गंभीर बात यह है कि इस तालाब से लगे एक होटल व्यवसायी के द्वारा होटल के पीछे स्थित निस्तारी नाले को पाटा जा रहा है। इस निस्तारी नाले से शहर के एक बड़े हिस्से का जल बहाव आता है। इस वर्ष बरसात के मौसम में इस निस्तारी नाले के बाधित हो जाने के कारण शहर के कुंडला सिटी कालोनी में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। होटल व्यवसायी के द्वारा अगर नाले को पाट दिया जाता है तो आने वाले समय में शहर के एक बड़े हिस्से का बरसात के दिनो में डूबना तय है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पार्षद शुभम जायसवाल ने कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन देकर इस सुनियोजित कब्जे को रोकने एवं शहर की पारिस्थितिकी को बचाने की मांग की है। अपने आवेदन में शुभम जायसवाल ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए प्रशासन से यह मांग की है कि प्रभावित तालाब एवं नाला क्षेत्र का सीमांकन कर इन क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

- अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार, पत्नी की हत्या कर हुआ था फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को लुण्ड्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी की हत्या भोजन नहीं बनाने के बात को लेकर किया था। घटना की रिपोर्ट आरोपी के पिता ने थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कुदर झेरी लोंगरी निवासी बोदो राम आ. स्व. केन्दा राम (53 वर्ष) ने 8 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके तीन पुत्र है और बड़ा पुत्र दशमन कोरवा (30 वर्ष) शादी के बाद पास ही रहता है। पहली पत्नी के मौत हो जाने पर वह सखौली नवापारा निवासी प्रियंका को पत्नी बनाकर एक साल से रखा था। शनिवार की



रात दशमन किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद कर रहा था। दूसरे दिन सुबह उसके घर में किसी प्रकार के चहल पहल नहीं होने तथा बहू व बेटा के घर के बाहर नहीं निकले पर जब पत्नी को फुलेश्वरी को देखने भेजा तो वह बताई बहू सोई है और नहीं उठ रही है। जब मौके पर जाकर उठाने का प्रयास किया तो उसके सिर में गंभीर चोट और वह मृत हालत में पड़ी हुई थी। पिता ने बेटा द्वारा पत्नी की हत्या कर फरार होने जाने की बात पुलिस को बताई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दशमन के विरुद्ध धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा आज

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सामान्य सभा की बैठक 12 मार्च को दोपहर 12:30 बजे जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह करेंगे। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, परिवार सहायता योजना, 15 वें वित्त आयोग की योजनाएं, विकसित भारत योजना सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके पश्चात सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए पन्ना ने सभी जनपद सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### राजेश बने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा छग प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकण्डेय एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ने झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी कर दी है। इसमें कोरिया जिले से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय, अनुभवी राजेश साहू को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने से कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। श्री साहू पूर्व में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, सोशल मीडिया के जिला सह संयोजक सहित पार्टी के अनेक दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया है।

### निःशुल्क मिलेंगी दिव्य सामग्रियां

**बिजुरी।** क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अवसर होने जा रहा है। मां मातंगी धाम के तत्वावधान में 17 मार्च तक सात दिवसीय निःशुल्क त्रिकालदर्शी महा दिव्य दरबार का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों की समस्याओं का आध्यात्मिक समाधान किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार इस दरबार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को विभिन्न दिव्य सामग्रियां पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रशासनिक कार्यों को गति देने और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। कलेक्टर ने कार्यालयीन अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## लोहे की रेलिंग की जगह बांस, टूटे झूले और गंदगी से पटा पर्यटन स्थल

# राष्ट्रीय पहचान वाला अमृतधारा जलप्रपात बदहाली का शिकार

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले को राष्टीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला प्रसिद्ध अमृत धारा जलप्रपात इन दिनों बदहाल व्यवस्था और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार होता दिखाई दे रहा है। कभी प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल इस प्राकृतिक धरोहर की वर्तमान स्थिति देखकर स्थानीय लोग और सैलानी दोनों ही निराश हैं। घने जंगलों के बीच स्थित यह जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के कारण वर्षों से पर्यटकों का आकर्षण केन्द्र रहा है। प्रतिवर्ष काफी संख्या में लोग यहां प्रकृति का आनंद लेने आते हैं, लेकिन अब यहां की बुनियादी सुविधाओं की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पर्यटक भी असुविधा महसूस करने लगे हैं।

जलप्रपात के आसपास पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पहले लोहे के मजबूत एंगल और रेलिंग लगाए गए थे, लेकिन अब कई स्थानों पर वे टूट या गायब हो चुके हैं। उनकी जगह अस्थायी रूप से बांस लगाकर व्यवस्था बनाई गई है, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय युवक संतोष यादव ने नाराजगी जताते हुए कहा अमृतधारा जैसा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पूरे जिले की पहचान है, लेकिन यहां लोहे की मजबूत रेलिंग की जगह बांस लगाकर काम चलाया जा रहा है। अगर कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा।



### बच्चों के झूले टूटे, तितली पार्क उजाड़



पर्यटकों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले लंबे समय से टूटे पड़े हैं। बच्चों के खेलने की जगह भी अब जर्जर स्थिति में है। कई झूलों की जंजीरें टूट चुकी हैं और लोहे के ढांचे जंग खाकर खराब हो चुके हैं। वहीं कभी आकर्षण का केन्द्र रहा तितली पार्क भी अब उजाड़ नजर आ रहा है। पार्क में झाड़ियां उग आई हैं और रख-रखाव के अभाव में यह स्थान वीरान होता जा रहा है। स्थानीय निवासी रीना तिवारी का कहना है कि पहले यहां परिवार के साथ आकर बहुत अच्छा लगता था। बच्चों के लिए झूले और साफ-सफाई रहती थी, लेकिन अब स्थिति देखकर दुख होता है। पर्यटकों को जलप्रपात का सुंदर दृश्य दिखाने के लिए बनाए गए वॉच टावर भी अब रख-रखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई हिस्सों में लोहे और लकड़ी के ढांचे कमजोर हो चुके हैं। ऐसे में वॉच टावर पर चढ़ना भी जोखिम भरा हो गया है।

### गंदगी से बिगड़ रही छवि



पर्यटन स्थल के कई हिस्सों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स के पैकेट और अन्य कचरा खुले में पड़ा रहता है। नियमित सफाई नहीं होने से यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो इस प्राकृतिक स्थल की सुंदरता और पहचान दोनों पर असर पड़ेगा। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई लोग जलप्रपात के नीचे जाकर नहाने लगते हैं। बारिश या अधिक जल प्रवाह के समय यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश गुप्ता ने कहा कि प्रतिवर्ष जलप्रपातों पर हादसों की खबरें आती हैं, लेकिन लोग और प्रशासन दोनों इससे सबक नहीं लेते। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

**आखिर कब जागेगा प्रशासन-** जिले की पहचान बने इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल की बदहाल स्थिति को देखकर स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इसकी सुध कौन लेगा।

### पर्यटन की अपार संभावनाएं

स्थानीय लोगों का मानना है कि अमृतधारा जलप्रपात में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यदि यहां उचित रख-रखाव, साफ-सफाई और सुविधाओं का विकास किया जाए तो यह स्थान प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। युवा अजय सिंह का कहना है कि यह जगह प्राकृतिक रूप से बहुत खूबसूरत है। अगर यहां सही तरीके से विकास हो तो एमसीबी जिले में पर्यटन को नई पहचान मिल सकती है।

### बिजली के पोल और लाइटें भी खराब

परिसर में लगाए गए कई बिजली के पोल और लाइटें खराब पड़ी हैं। शाम होते ही कई जगह अंधेरा छा जाता है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ जाती है। स्थानीय दुकानदार रामकिशोर साहू कहते है कि अगर यहां रोशनी और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो तो पर्यटक ज्यादा देर तक रूकेंगे और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। अभी लोग जल्दी वापस लौट जाते हैं।

### लोगों की मांग है कि टूटी रेलिंग और झूलों की मरम्मत की जाए

वॉच टावर और बिजली व्यवस्था दुरूस्त की जाए, नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो, सुरक्षा के लिए सख्त इंतजाम किए जाएं, तितली पार्क को फिर से विकसित किया जाए, ताकि अमृतधारा जलप्रपात फिर से अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति पर कब ध्यान देता है, ताकि दूर-दराज से आने वाले सैलानियों को निराश होकर वापस न लौटना पड़े।

# पीएम आवास ने दी सुकून की छांव



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

ग्राम पंचायत रटगा निवासी श्रीमती जनिया बाई की कहानी महिला सशक्तिकरण, संघर्ष और आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल है। सीमित संसाधनों और अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने साहस व मेहनत के बल पर अपने परिवार को संभालते हुए नई राह बनाई।

जनिया बाई के पति नधीर सिंह परिवार के मुख्य सहारा थे, लेकिन नधीर सिंह के असमय निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। आर्थिक और मानसिक रूप से यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण था। दो बच्चों की जिम्मेदारी के साथ जीवन-यापन करना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। इसी बीच उनके बड़े बेटे के मानसिक रूप से अस्वस्थ हो जाने से परिवार की परेशानियां और बढ़ गईं, इसके बावजूद जनिया बाई ने मजदूरी और खेती-किसानी का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण जारी रखा। गांव में जब भी मजदूरी का काम मिलता, वे उसे पूरी मेहनत और लगन से करती थीं। जनिया बाई लंबे समय तक एक कच्चे और कमजोर मकान में रहती थीं। बरसात के दिनों में छत और दीवारों से पानी टपकने के कारण घर में रहना मुश्किल हो जाता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनवाना उनके लिए संभव नहीं था।

ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके जीवन में उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना के तहत उन्हें पक्का आवास स्वीकृत हुआ। जनिया बाई ने केवल योजना की सहायता पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं भी घर निर्माण में मेहनत की मनरेगा के अंतर्गत मिलने वाली मजदूरी में काम कर उन्होंने उस राशि को भी अपने घर के निर्माण में लगाया। उनकी मेहनत और लगन का परिणाम यह हुआ कि उनका पक्का मकान समय पर बनकर तैयार हो गया।

# एमसीबी के 28 हजार किसानों को मिलेगा 5 करोड़ का लाभ

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के किसानों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। योजना की 22 वीं किस्त 13 मार्च 2026 को जारी की जाएगी, जिसके तहत जिले के हजारों किसानों के बैंक खातों में सीधे राशि हस्तांतरित की जाएगी।

उप-संचालक कृषि, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नेन्द्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे देशभर के किसानों के खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर पर जिले के लगभग 28,145 पात्र किसानों के बैंक खातों में 2,000 की किस्त सीधे जमा की जाएगी। इसके लिए जिले को कुल 5.65 करोड़ की राशि प्राप्त होगी, जिससे किसानों को कृषि कार्यों में आर्थिक सहयोग मिलेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार 13 मार्च को जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियों (फार्मर्स मीट) का आयोजन किया जाएगा तथा किसानों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (वेबकास्ट) दिखाया जाएगा।

### किसानों से अपील

उप-संचालक कृषि ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे निम्नलिखित आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें, जिससे उन्हें योजना की किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए। जिन किसानों का केवाईसी लंबित है, वे इसे तुरंत पूर्ण कराएं। आधार सीडिंग, अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराकर डीबीटी सक्षम कराएं। फार्मर आईडी (एग्रीस्टैक)-एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपनी फार्मर आईडी बनवाएं। किसान इन कार्यों के लिए अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, किसान चॉइस सेंटर या विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विभाग का उद्देश्य है कि जिले का कोई भी पात्र किसान तकनीकी कारणों से योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा सभी किसानों को समय पर योजना की राशि प्राप्त हो सके।

# युवा शक्ति से सशक्त होगा ग्रामीण भारत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

■ विकसित भारत जी राम जी डिजिटल अभियान से जुड़ेंगे युवा

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा माई भारत के सहयोग से देशभर में विकसित भारत जी राम जी यूथ डिजिटल अभियान की शुरूआत की गई है। इस राष्टव्यापी डिजिटल अभियान का उद्देश्य युवाओं को ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन तथा आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़ना है।

अभियान के तहत युवाओं के लिए वीडियो चैलेंज, ऑनलाइन क्विज तथा लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। वीडियो चैलेंज में प्रतिभागी किसी भी भारतीय भाषा में 30 से 60 सेकंड का वीडियो बनाकर माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। वीडियो रील का आकार 25 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। उत्कृष्ट और चयनित प्रतिभागियों को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा। अभियान के अंतर्गत विकसित भारत जी राम जी क्विज का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### लोगो डिजाइन पर मिलेगा 50 हजार का पुरस्कार

इसके अलावा माई गवर्मेंट पोर्टल पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के लिए लोगों डिजाइन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। इसमें प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। सर्वश्रेष्ठ लोगों डिजाइन को 50 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से युवा अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत कर सकेंगे। यह अभियान युवा शक्ति, पंचायत की प्रगति की भावना के साथ ग्रामीण भारत के समग्र विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## महिला शक्ति को मिला सम्मान

# बिहान योजना व अन्य विधा से जुड़ी महिलाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं, बिहान योजना से जुड़ी महिला कैडर्स व जागरूक माताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सेक्टरों की करीब 19 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पोषण, बच्चों की नियमित उपस्थिति, शालापूर्व शिक्षा, पोषण वाटिका निर्माण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पोषण ट्रैकर ऐप में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कई कार्यकर्ताओं ने 100 प्रतिशत टीएचआर वितरण, पोषण ट्रैकर के सभी इंडिकेटर पूर्ण करने और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने में उल्लेखनीय कार्य किया है, इसके अलावा बिहान योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 10 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकारिता के पेशे से आने वाली पत्रकार श्रीमती कमरून निशा को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वस्थ बच्चा-जागरूक महतारी श्रेणी में भी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन माताओं ने बच्चों के बेहतर पोषण, आंगनबाड़ी सेवाओं के नियमित उपयोग, रेडी-टू-ईट एवं गरम भोजन के सेवन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेकर स्वस्थ बाल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की मजबूत आधारशिला हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# मंसूरी को बनाया गया कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर जिला एमसीबी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के द्वारा भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक के अनुशंसा पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश पटेल के द्वारा ग्राम चैनपुर निर्विरोध पंच मोहम्मद अकरम मंसूरी ग्रामीण ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया है।

मोहम्मद अकरम मंसूरी विगत कई वर्षों से चैनपुर के पंच के पद पर रहे हैं, समय-समय पर कांग्रेस की सभी आंदोलन में और आयोजनों में अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहते हैं। पूर्व विधायक गुलाब कमरो के कट्टर समर्थक माने जाते और वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन के बहुत करीबी माने जाते हैं और ग्राम चैनपुर की जन समस्याओं को लेकर वह पूर्व विधायक गुलाब कमरो को अवगत कराते रहते हैं और ग्राम पंचायत चैनपुर में कई आंदोलन किया है गरीब जनता आदिवासी कई समस्याओं दूर करते रहे ,जब कांग्रेस पार्टी की सत्ता रही, तब गरीब जनता आदिवासी की काफी सहायता की।

# जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं मजदूर, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जान जोखिम में डालकर मजदूर कई वाहन में सवार दिखाई पड़ते हैं, ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने की जरूरत है, ताकि इनके जान माल का नुकसान नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के बचरापोड़ी क्षेत्र के अलावा पड़ोसी सूरजपुर जिला अंतर्गत रामानुजनगर क्षेत्र से प्रतिदिन मजदूर विभिन्न जगहों पर कार्य करने के लिए जिला मुख्यालय व आस-पास के कई क्षेत्रों में पहुंचते है।

विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले मजदूरों को मालवाहक वाहन पिकप में क्षमता से अधिक ठूंस ठूंस कर प्रतिदिन ढोया जाता है। यही नहीं कई मजदूर तो पिकप वाहन के पीछे भी लटकर सवारी करते है, ऐसे में कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। घर से मजदूर रोजी-रोटी के लिए प्रतिदिन सूरजपुर जिले के रामानुजनगर क्षेत्र के अलावा कोरिया जिले के बचरापोड़ी क्षेत्र से प्रतिदिन का यह हाल है, ऐसे नजारे जिला मुख्यालय में सुबह व शाम दिखाई पड़ते हैं। मजदूरों को रोजी-रोटी कमान के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। सुरक्षित सड़क यातायात के लिए जरूरी है कि लापरवाही पूर्वक मालवाहक वाहन में मजदूरों ढोने पर कार्रवाई करने की जरूरत है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण ही लगातार इस तरह के नजारे देखने को मिलते रहते हैं। हालांकि मजदूर मजबूरी में मालवाहक वाहन में रोटी-रोटी के लिए जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन आना जाना करते हैं, लेकिन मजदूरों की विवशता को देख इस तरह की लापरवाही पर छूट देना मजदूरों के जान को हमेशा ही संभावित दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीज़ों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्कैन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### पण्डो समाज को ग्रामसभा के प्रस्ताव पर जाति प्रमाण पत्र देने की मांग

**अम्बिकापुर।** पण्डो समाज के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष उदय पण्डो एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सनमान पण्डो ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप स्टेट सेटलमेंट विहीन समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया को सरलीकरण करने एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव पर प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है। उदय पण्डो ने बताया विकासखण्ड अम्बिकापुर, लखनपुर एवं उदयपुर में बड़ी संख्या में पंडो समाज के लोग प्रारंभ से निवासरत हैं। जागरूकता के अभाव में पण्डो परिवारों के पास सरगुजा स्टेट सेटलमेंट नहीं है ना ही जाति से संबंधित कोई अन्य दस्तावेज। सभी दस्तावेजों में इनकी जाति पंडो अंकित है। ये सभी पण्डो समाज की परंपराओं का पालन करते हैं साथ ही आपस में शादी विवाह करते हैं। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में पण्डो समाज के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित अन्य शासकीय सुविधाओं एवं शासकीय नौकरी से वंचित हो रहे हैं जाति प्रमाण पत्र प्रक्रिया का सरलीकरण करने एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव पर प्रमाण पत्र जारी करने से समुदाय के युवाओं को शासकीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा उनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आएगा। अपर कलेक्टर ने इस संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

### अलग अलग सड़क दुर्घटना में बालिका व किशोर की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए बालिका व किशोर की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बालिका कार की टक्कर से जबकि अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम डाला बहरा निवासी श्रृष्टी पिता मंगल साय (6 वर्ष) मंगलवार को दिन 12 बजे घर से निकली थी। जैसे ही बालिका सड़क पर पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 16 सीएम 9428 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बालिका को भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर अस्पताल भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में लटोरी अंतर्गत ग्राम जुड़वानी निवासी मंगलवार को शहर आ गया था। शाम को बाइक से वापस घर जा रहा था और जैसे ही महेशपुर के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख राहगीरों ने परिजन को सूचना देने के पश्चात घायल हो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत किशोरी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे को जमकर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम डुमकी निवासी ओम प्रकाश पावले आ. ढलगु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बेल झरिया नाला पास पिता द्वारा कब्जा जमीन है। मंगलवार को खेत की ओर गया तो देखा जमीन के पास सोहर मिंज द्वारा जेसीबी से खेत बनवा रहा था। जिसे देख मना किया तो सोहर मिंज गाली-गलौज करते हुए जेसीबी के राड से मारपीट करना शुरू करने लगा। इधर सोहर मिंज आ. जयराम मिंज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि मंगलवार को ग्राम डुमकी बेलझरिया नाा के पास अपने खेत को बनवा रहा था तभी रामकेवल पावले हथौडी लेकर आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे सिर में चोटे आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर समान धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पीएम जनमन योजना के तहत बनाई गई है सड़क

# बनने के कुछ दिन बाद ही उखड़ रही सड़क घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

लंबे समय से जर्जर सड़क की दंश झेल रहे ग्रामीणों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहा।

**खास बात**
- 3.63 करोड़ की सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप

आलम यह है कि करोड़ों की लागत से सड़क बनाई जा रही है लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क बने अभी कुद ही दिन हुए कि अब सड़क उखड़ने लगी है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नवनिर्मित सड़क कितना टिकाऊ है। बनने के बाद सड़क के उखड़ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

प्रधानमंत्री जनमन कार्य योजना के तहत पटना भण्डारपारा से नवापारा तक लगभग 5.90 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क निर्माण के लिए करीब 3 करोड़ 63 लाख 12 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क के कई जगह उखड़ने से अब इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। इधर घटिया सड़क निर्माण कराए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण पूरा हुआ अभी ज्यादा समय भी नहीं हुआ है, लेकिन कई जगहों पर डामर की परत उखड़ने लगी है और गिट्टियां बाहर आने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अगर अभी से सड़क की ऐसी हालत है तो आने वाले समय में सड़क की हालत कैसी होगी यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि सामरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक और सांसद दोनों निवास करते हैं। बावजूद, इसके प्रधानमंत्री जनमन योजना के कार्यों में इस तरह की लापरवाही देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की अनदेखी के कारण न सिर्फ निर्माण गुणवत्ताहीन किया जा रहा है बल्कि किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से ठेकेदार के हौसले बुलंद हो गए है और मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



गुणवत्ताहीन नवनिर्मित सड़क।

### पाइप पर कर दिए डामरीकरण

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क के बीच में जहां पानी निकासी के लिए क्रॉसिंग बनाई जानी थी, वहां सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया। ग्रामीणों के मुताबिक वहां केवल पाइप डालकर उसके ऊपर डामर की परत चढ़ा दी गई है, जिससे बरसात के दौरान सड़क के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ गई है।

### ग्रामीणों ने की जांच कराने की मांग

सड़क निर्माण में गड़बड़ी किए जाने पर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि 3.63 करोड़ रुपए की लागत से बनी सड़क की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जांच उपरांत दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं में हो रही अनियमितताओं पर रोक लग सके और लोगों को गुणवत्तापूर्ण सड़क मिल सके।

### कराई जाएगी जांच

पटना भण्डारपारा से नवापारा तक बनी सड़क कुछ दिन बाद उखड़ रहे है तो इसकी जानकारी नहीं है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-जीएस सिदार
कार्यपालन अभियंता



## नगर के मुख्य बाजार की पहचान बना पीपल का पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- 8 दशक से नगर के विकास का साक्षी

नगर के हृदय स्थल पर स्थित पीपल का पेड़ आज भी मुख्य बाजार की पहचान बना हुआ है। करीब 8 दशक से अधिक समय से यह स्थान पीपल पेड़ मुख्य बाजार के नाम से जाना जाता है। समय के साथ नगर का विस्तार और बाजार का दायरा भले ही बढ़ गया हो, लेकिन इस पीपल पेड़ की महत्ता और पहचान आज भी पहले जैसी बरकरार है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पहले नगर का मुख्य बाजार पीपल पेड़ के आसपास करीब 100 मीटर की परिधि में ही सीमित हुआ करता था। यहीं से व्यापारिक गतिविधियों की शुरुआत होती थी और आसपास की दुकानों पर ही लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो जाती थीं। धीरे-धीरे नगर का विकास हुआ और बाजार का विस्तार दूर-दूर तक फैल गया, लेकिन पीपल का यह पेड़ आज भी पुराने समय की यादों को संजोए हुए खड़ा है। नगर के पुराने व्यापारियों का कहना है कि यह पेड़ केवल एक पेड़ नहीं बल्कि रामानुजगंज के विकास का जीवंत साक्षी है। वर्षों से यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए यह स्थान पहचान का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लोग आज भी किसी को पता बताते समय पीपल पेड़ मुख्य बाजार का ही जिक्र करते हैं। किराना दुकान संचालक संजय गुप्ता बताते हैं कि पीपल का यह पेड़ मुख्य बाजार की पहचान है। वर्षों से लोग इसी स्थान के नाम से बाजार को जानते हैं। उनका कहना है कि समय बदल गया है, लेकिन इस पेड़ की पहचान और महत्व आज भी कायम है। वहीं कपड़ा व्यवसायी दीपक सोनी का कहना है कि पीपल पेड़ से ही उनके दुकान की पहचान जुड़ी हुई है। बाहर से आने वाले लोग भी उसी पेड़ के नाम से बाजार का पता पूछते हैं। उनके अनुसार यह स्थान न केवल व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि नगर की पुरानी विरासत और इतिहास को भी दर्शाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पीपल का पेड़ रामानुजगंज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। बदलते समय के साथ भले ही बाजार आधुनिक हो गया हो लेकिन इस पेड़ से जुड़ी यादें और इसकी पहचान आज भी नगर वासियों के दिलों में उतनी ही मजबूत बनी हुई है।

## भाई ने मोबाइल छीना तो किशोरी ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** मोबाइल देखते समय भाई द्वारा मोबाइल छीन कर भाग जाने से क्षुब्ध हुई बहन ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी प्रवंती कुमार पिता कुंवर कुमार नायक (17 वर्ष) 9 मार्च को भाई सूर्य लाल, चाचा के पुत्र के साथ घर में थी जबकि पिता कुंवर कुमार अपने चारों भाई व मां व पत्नी के ग्राम डिण्डो निवासी बहन के यहां मेहमानी में गए थे। इसी दौरान दोपहर को प्रवंती घर में मोबाइल देख रही थी। इसी बीच भाई सूर्य लाल बहन के हाथ से मोबाइल छीन कर बैल को पानी पिलाने चला गया इधर भाई द्वारा मोबाइल छीन लेने से प्रवंती नाराज हो गई और घर में रखे पुराना कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर पड़ोस में रह रहे रिश्तेदार उसके घर पहुंचे तो देखा प्रवंती छटपटा रही थी। प्रवंती के कीटनाशक पी ले पर रिश्तेदार ने उसके पिता को घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल किशोरी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर वाड्रफनगर अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने किशोरी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश परिजन के सुपुर्द किया है।

## क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जनपद सदस्य ने की पानी टैंकर की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

क्षेत्र में पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के जनपद पंचायत सदस्य दशरथ सिंह द्वारा क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए एक पानी टैंकर की व्यवस्था की। इस पहल से क्षेत्र के ग्राम पंचायत करवां, बिहारपुर, गजाधरपुर, महेशपुर के लोग पेयजल की व्यवस्था से लाभान्वित होंगे। लंबे समय से पेयजल की कमी से जूझ रहे ग्रामीणों को अब नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

जनपद पंचायत सदस्य दशरथ सिंह ने बताया कि लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रमुखता से जनपद पंचायत निधि से व्यवस्था कराया गया है। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना ही पहला कर्तव्य है और वे हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रम एवं शादी समारोह हेतु पूरी तरह से निःशुल्क जल व्यवस्था किया जाएगा। साथ ही गर्मी के दिनों में पानी की विकराल समस्या को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है ताकि किसी को जल आपूर्ति हेतु जद्दोजहद न करना पड़े। क्षेत्रवासियों ने भी इस पहल की सराहना की। पानी टैंकर को ग्राम पंचायत करवां के प्रतिनिधियों के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर सुपुर्द किया। इस दौरान ग्राम पंचायत करवां सरपंच श्रीमती निरूपा सिंह, मीर हसन अंसारी, टिकेश राजवाड़े, पंचायत सचिव मदन राजवाड़े, सोना लाल राजवाड़े सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## जनजातीय सुरक्षा मंच की हुई बैठक, डीलिस्टिंग की मांग को लेकर दिल्ली में होगी महागर्जना रैली

**रामानुजनगर।** सामुदायिक भवन में जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले डीलिस्टिंग की मांग को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित महागर्जना रैली में शामिल होने के लिए जनजातीय समाज के लोगों से कहा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विकासखंड के सभी गांवों में ग्राम समितियों का गठन किया जाएगा और दिल्ली जाने के लिए अधिक से अधिक लोगों का ग्राम स्तर पर जनसंपर्क कर पंजीयन कराया जाएगा। जनजातीय समाज का कहना है कि आदिवासी आरक्षण का लाभ ऐसे लोग भी ले रहे हैं, जिन्होंने अपनी पारंपरिक जनजातीय संस्कृति छोड़कर अन्य धर्म अपना लिया है। समाज की मांग है कि ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें आरक्षण की सूची से बाहर किया जाए। इसी मांग को डीलिस्टिंग कहा जा रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक संत सिंह और जिला संगठन मंत्री गोपाल ने बताया कि आंदोलन लगातार चल रहा है और अब गांव-गांव में ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कराने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित हुंकार रैली में देशभर से लगभग 10 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। साथ ही प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर डीलिस्टिंग की मांग भी की जा रही है। देशभर से एक करोड़ पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। बैठक में जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह, विकासखंड संयोजक सुंदर सिंह, जनपद अध्यक्ष रामानुजनगर गुलाब सिंह, किरण खेस, आमवती नेताम, जयंती भगत, विमला भगत, सुरेश मरकाम, अदल सिंह, अनीता सिंह, महेंद्र सिंह, अमर सिंह, पवन सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह, राम सिंह, रामानंद सिंह, अनिता सिंह, आनदकुवर सिंह, लखन सिंह, हीरा सिंह सहित जनजाति सुरक्षा मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के प्रदेश स्तरीय निर्देशानुसार संगठनात्मक विस्तार के तहत विकासखंड की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

कार्यक्रम में सर्व सहमति से शिव प्रताप सिंह आयाम को सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग विकासखंड का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं मनोज सिंह पोया को ब्लॉक मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देवसाय सिंह बैगा ने आदिवासी महापुरुषों के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को मोबाइल, डिजिटल और कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की जानकारी दी। जिला महासचिव लाल बियार ने कहा कि यदि हम आदिवासी समाज में जन्म लिए हैं तो समाज के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है। त्रिभुवन सिंह टेकाम ने संविधान में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति समुदाय के अधिकारों पर चिंतन की आवश्यकता बताई। सोशल एक्टिविस्ट एवं सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष बीपीएस पोया ने युवाओं को अपनी आवाज स्वयं बनने और पुस्तकें पढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज में नशा मुक्ति के लिए ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जाएगा तथा युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के नेतृत्व में स्थानीय आरक्षण, पेसा कानून तथा ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार पहल की जाएगी। बैठक में जसवंत सिंह,गौरीशंकर नेताम, अंजली सिंह उईके, सूरतिया उईके, विपेन्द्र प्रताप कोर्राम, कमलेश्वरी उईके, गुरुदयाल सिंह, लक्ष्मण सिंह आर्मो, जय सिंह, शामपति सिंह, चंद्रशेखर सिंह, हीरमेन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## गिरने से गंभीर हुई महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- देवरानी के साथ जंगल में गई थी लकड़ी लेने

जंगल में लकड़ी लेने गई महिला पत्थर में फिसल कर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार करौधा थाना अंतर्गत ग्राम मदगुरी निवासी वैजयंती बरगाह पति प्रदीप बरगाह (38 वर्ष) 5 मार्च को देवरानी मीना के साथ गांव के समीप जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इसी दौरान पत्थर पर फिसल कर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एचआईवी, एड्स पर कार्यशाला में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भेदभाव मुक्त उपचार पर जोर, जागरूकता बढ़ाने किया गया आह्वान



राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर में एचआईवी/एड्स प्रिवेंशन एवं कंट्रोल एक्ट 2017 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य एड्स नियंत्रण समिति,संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स अधिनियम 2017 के प्रमुख प्रावधानों, संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा, गोपनीयता बनाए रखने, सूचित सहमति तथा भेदभाव निषेध के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में शिकायत निवारण तंत्र एवं संवेदनशील व्यवहार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान यह संदेश दिया गया कि एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव कानूनन दंडनीय है, इसलिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उन्हें सम्मानजनक, गोपनीय एवं समान स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य कर्मियों से अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी पालन और समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रमेश आर्य, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. प्रतिमा वर्मा, डॉ. जगरानी लकड़ा, डॉ. जीके दामले, सुशील तिवारी, सतीश कुशवाहा तथा आराधना उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संगता एनजीओ से राखी सिंह तथा काउंसलर संजय श्रीवास्तव ने भी सहभागिता की।









## खबर संक्षेप

### हमाली राशि की मांग को लेकर मंडल महामंत्री ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** भाजपा मंडल महामंत्री संतोष तिवारी ने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर मांग की है कि राजपुर विकासखंड के सहकारी समितियों सेवारी, गोपालपुर, बरियों, राजपुर, धंधापुर एवं जिगड़ी के किसानों को उनके बकाया हमाली राशि की जांच कर शीघ्र भुगतान कराया जाए। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यदि किसानों को उनके हक की राशि समय पर नहीं मिलती है तो इससे न केवल किसानों को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि शासन की योजनाओं की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। इस संबंध में पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप तथा जिला कलेक्टर को भी प्रेषित की गई है, ताकि मामले में उचित जांच कर किसानों को न्याय दिलाया जा सके।

### आधार कप फुटबॉल स्पर्धा प्रांरभ जरही ने मंजीरा को हराया



**बिश्रामपुर।** नगर के चोपड़ा मिनी स्टेडियम में खेल प्रेमियों के उत्साह के बीच आधार कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया,उद्घाटन मैच जरही और मंजीरा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जरही की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-1 के अंतर से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हूआ जहाँ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। इस दौरान अतिथि श्री यादव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं को अनुशासन, टीमवर्क और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है,फुटबॉल जैसे खेल युवाओं को नशे और बुरी आदतों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,उद्घाटन मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन गोल्डन क्लब बिश्रामपुर द्वारा किया जा रहा है,आयोजन को सफल बनाने में अंकुश, प्रियांशु, सज्जू, मिन्शु, एंसेलम, रौनित, निशांत और भूपेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका है,आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास के कई क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे,मैच के दौरान रुपेश कुमार सिंह, सुरेश यादव, आयुष राजवाड़े, लव कुमार और शनि सिंह ने रेफरी की जिम्मेदारी निभाई,वहीं प्रकाश कुर्रे ने मैच का सफल संचालन किया।

## निधन

### डॉ.राजनाथ पाण्डेय



**अम्बिकापुर।** सरगुजा के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं सूरजपुर शासकीय महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्राचार्य, मिशन चौक निवासी डॉ.राजनाथ पाण्डेय का बुधवार को निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को सुबह 9 बजे शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व.पाण्डेय श्रीनाथ फ्यूल कंठी, दरिमा रोड के संचालक रत्नेश पाण्डेय के पिता थे।

## पेज 1 के शेष...

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार...

कर दी है। इसी बीच पुलिस ने आरोपी पति दशमल उर्फ दशमन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। साथ ही पुलिस को बताया कि पत्नी प्रियंका को भोजन बनाने के लिए बोला जो थोड़ी देर बाद बनाने की बात कही जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया और डंडे से उसकी बेदम पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार जायसवाल, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, आरक्षक राजकुमार, इबनुल खान, धीरेन्द्र एवं अनुज जायसवाल सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### गांवों में जल जीवन मिशन की पानी टंकी बनी शो-पीस

# कहीं पाइप लाइन विस्तार का इंतजार तो कहीं आधे गांव में हो रही पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

**खास बात**

- गर्मी शुरू होते ही जवाब देने लगे हैण्डपंप

चार साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद क्षेत्र में जल जीवन मिशन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। इधर जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है हैण्डपंप भी तेजी से सूख रहे हैं। विभाग ने कुछ गांवों में पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी है लेकिन आधे-अधूरे निर्माण के कारण कम परिवारों को ही इसका लाभ मिल पा रहा है। योजना चालू होने के बाद भी बड़ी आबादी पेयजल के लिए निजी ट्यूबवेल एवं हैण्डपंप पर निर्भर है।

जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा आबादी के अनुसार गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। प्रारम्भिक दौर में पानी टंकी एवं पाइप लाइन विस्तार का कार्य न कर घर-घर में नल के लिए चबूतरा निर्माण पर केंद्रित होने के कारण अब तक जलजीवन मिशन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। कहीं न तो टंकी बन पाई है न ही पाइप लाइन का विस्तार हो सका। कहीं टंकी बनी है तो अंतिम छोर तक पाइप लाइन का अब तक विस्तार नहीं हो सका है। कई स्थानों पर योजना चालू कर ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया है लेकिन पाइप लाइन विस्तार नहीं होने के कारण बड़ी आबादी को योजना का पानी नहीं मिल पा रहा है। विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर की कई बस्तियों में ग्रामीण शुद्ध पानी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर बड़ी आबादी वाला ग्राम पंचायत है। जिसमें 19 पारा-मुहल्ला है। विभाग द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चार टंकियों का निर्माण किया गया है जबकि दो दशक पूर्व निर्मित पानी टंकी से भी नियमित पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ठेकेदार ने मैदानी इलाकों के क्षेत्रों में आधा-अधूरा पाइप लाइन विस्तार कर दिया है जबकि जाम पहाड़, दातीढाब, बरवाली जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में अभी पाइप लाइन विस्तार का कार्य शुरू तक नहीं हो सका। ठेकेदार एक साल से भुगतान लंबित होने का हवाला देकर राशि उपलब्ध होते ही निर्माण प्रारंभ करने का आश्वासन दे रहे है। हालत यह है कि ग्राम पंचायत नर्मदापुर के हरिजन पारा में अभी तक लगभग 100 घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। टंकी से पानी की आपूर्ति भी नियमित नहीं की जा रही है। खालपारा एवं पटेलपारा टंकी तैयार हो गई है लेकिन पाइप लाइन विस्तार के लिए अभी भी इंतजार किया जा रहा है। यही हाल लाटापारा की योजना का है।



ढोढ़ी से पानी भरतीं महिलाएं।



चबूतरे पर बैठे ग्रामीण।

#### बरिमा एवं कुदारीडीह में निर्माण अवरूद्ध

ग्राम पंचायत बरिमा एवं कुदारीडीह में दो सालों से योजना का निर्माण ठप पड़ा है। बताया जा रहा है कि विभाग ने योजना के निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार अभिषेक पाण्डेय को सौंपी थी। ठेकेदार की अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने एवं मामले में गिरफ्तारी होने के बाद विभाग ने विविध कारणों से टेंडर को निरस्त कर दिया था। योजना का टेंडर दोबारा करने की प्रक्रिया में लम्बा समय लगने के कारण निर्माण ठप पड़ा है। ग्राम पंचायत बरिमा के विभिन्न वार्डों में पांच टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन पाइप लाइन का विस्तार अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। ग्राम पंचायत कुदारीडीह में लम्बे समय से पाइप लाइन का विस्तार का इंतजार किया जा रहा है।

#### सूखने लगे है हैण्डपंप

पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण मैनपाट में गर्मी शुरू होते ही जलस्तर नीचे खिसकने लगता है। हाल-हाल तक सभी हैण्डपंपों से पानी निकल रहा था लेकिन जैसे गर्मी शुरू हुई हैण्डपंप जवाब देने लगे। गर्मी बढ़ने पर समस्या के और अधिक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। प्रभावित क्षेत्र के लोग ट्यूबवेल, हैण्डपंप एवं ढोढ़ी पर निर्भर हैं। जल जीवन मिशन के तैयार होने में अभी और अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

#### नहीं होगी समस्या

योजना का निर्माण तत्परतापूर्वक कराया जा रहा है। निरस्त कार्यों में नए ठेकेदारों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। गर्मी में कहीं भी पानी की समस्या नहीं होगी। इसके लिए हर स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया है तथा सूचना मिलते ही हैण्डपंप सुधारने की व्यवस्था की गई है।

-ओंकार सिंह
ईई, पीएचई



### मानकों के विपरीत कराया जा रहा चेकडेम का निर्माण, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चेक डेम निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से दर्जनों पंचायतों में बनाए जा रहे चेक डेम स्तरहीन तरीके से निर्मित किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लडुआ, सिंगचौरा, चंद्रगढ़, पतरापारा, चिलमा, बाड़ी चलगली, कौडू, बदौली, करवा, अलखडीहा, परती, पकराड़ी, डिगनगर, कुंदीखुर्द, पहाड़ खडूवा और खोखनिया सहित दर्जनों पंचायतों में चेक डेम निर्माण का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और योजना की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चेक डेम की मजबूती और उपयोगिता पर संदेह पैदा हो गया है। यदि समय रहते निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में इन संरचनाओं के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा के तहत चल रहे इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जहां भी अनियमितता पाई जाए वहां जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जा सके और ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

#### कराया जाएगा सुधार

चेक डेम निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया जा रहा हैं। अगर निर्माण में कोई त्रुटि हुई होगी तो उसे सुधार कराया जाएगा।

-जानू राम सोनवानी
एसडीओ आरईएस

### एसआई मनोज सिंह नियुक्त हुए नवीन भटगांव थाना प्रभारी, सरफराज फिरदौसी को किया लाइन हाजिर

**बिश्रामपुर।** एसएसपी सूरजपुर ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी को लाइन अटैच कर दिया है एवं उनकी जगह सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह को भटगांव थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है,मनोज सिंह इससे पूर्व चंदौरा थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ थे,वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष शाखा प्रभारी के रूप में कार्यरत निरीक्षक लक्ष्मण सिंह ध्रुव को चंदौरा थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। दोनों अधिकारियों ने बुधवार को संबंधित थानों में पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

### तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव 23 से देशभर के पहलवान दिखाएंगे ताकत

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन एवं कुदरगढ़ देवी धाम द्वारा तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। इस बार 23 मार्च से 25 मार्च तक कुदरगढ़ महोत्सव मनाया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया है। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने कुदरगढ़ स्थित नवीन रेस्ट हाउस में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय करने के साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, मंच की साज-सज्जा, अग्निशमन व्यवस्था, खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में बिन्दुवार चर्चा की। कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने आयोजन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को मंदिर परिसर के आसपास दुकान लगाने वाले व्यवसाइयों की बैठक की कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने एवं कचरा प्रबंधन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायतों को पानी टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक उपरांत ट्रस्ट के अध्यक्ष, रामसेवक पैकरा, सदस्यों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान ट्रस्ट के भुवन भास्कर सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह, एसडीएम चांदनी कंवर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे।
**होगी कुश्ती प्रतियोगिता-** कुदरगढ़ धाम लोक न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता होगी जिसमें विभिन्न राज्यों के पहलवान भागीदारी करेंगे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाहर के नामी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### अवैध रेत परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत पर खनिज विभाग द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान देवगढ़ धाम के समीप रेणुका नदी तथा मुटकी घाट क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के मामले पाए गए। खनिज अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए चार रेत परिवहन वाहनों को जब्त कर थाना लखनपुर की अभिरक्षा में सौंपा गया। इसके अतिरिक्त रास्ते में अवैध गिट्टी परिवहन करते हुए एक हाईवा वाहन को भी जब्त किया गया। साथ ही अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर एक अन्य वाहन को जब्त कर थाना मणिपुर की अभिरक्षा में सौंपा गया है। उक्त सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(4), 21(5) एवं 23 के तहत आगे की कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

# कॉलरीकर्मी के सिम को ब्लॉक कर दो लाख रुपए की हुई साइबर ठगी

- साइबर ठगों ने यूपीआई पेमेंट से कई बार में करीब 1.94 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर किये

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत एक कॉलरी कर्मी के साथ नये व अनोखे तरीके से साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है,अज्ञात ठगों ने मोबाइल सिम को ब्लॉक कराकर कॉलरीकर्मी के यूपीआई खाते से 1 लाख 93 हजार 993 रुपये ट्रांसफर करा लिए,पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है,जानकारी के अनुसार एसईसीएल बिश्रामपुर के टीए सिविल फिल्टर प्लांट में फोरमैन के पद पर कार्यरत बीएमएस श्रमिक नेता महेश गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च की रात करीब 11:54 बजे अचानक उनके मोबाइल का नेटवर्क बंद हो गया,करीब दो मिनट बाद उनके यूपीआई आईडी से अलग-अलग 13 किश्तों में 1,93,993 रुपये निकाल लिए गए।

महेश गुप्ता ने बताया कि नेटवर्क गायब होने के बाद उन्होंने जियो कॉल सेंटर में शिकायत की, जहां उन्हें कम्पनी सर्विस कर्मचारी ने बताया गया कि उनके द्वारा मोबाइल गुम होने और सिम बंद करने की कॉल आने के बाद सिम को लॉक किया गया है,जिस पर पीड़ित ने बताया कि उनकी तरफ से कोई ऐसी कोई कॉल या रिक्वेस्ट नहीं की गई है, जिसके कुछ समय बाद कम्पनी सर्विस विभाग ने उनका सिम दोबारा चालू किया गया।

इसके कुछ देर बाद मुंबई ब्रांच से फोन कर उन्हें जानकारी दी गई कि उनके यूपीआई खाते से लगातार राशि निकाली जा रही है, इसलिए सुरक्षा के तहत यूपीआई आईडी लॉक कर दी गई है,घटना के बाद महेश गुप्ता ने बिश्रामपुर थाना और स्टेट बैंक प्रबंधन को शिकायत देकर अपने साथ साइबर ठगी हो जाने की जानकारी दी है,पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित कोल कर्मी ने बताया कि वे स्वयं लोगों को साइबर ठगी से सतर्क रहने की अक्सर सलाह देते रहे हैं, लेकिन इस बार वे खुद इसका शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि न तो उन्हें कोई संदिग्ध कॉल आया और न ही उन्होंने किसी लिंक पर क्लिक किया, फिर भी मोबाइल सिम बंद कराकर खाते से पैसे निकाल लिए गए।



स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NAVJEEVAN CANCER HOSPITAL
Vidya DIAGNOSTIC
PRAKASH HOSPITAL
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब अम्बिकापुर में
शुक्रवार, दिनांक : 13 मार्च 2026
प्रकाश हॉस्पिटल जिला अस्पताल रोड, सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपरस्पेशलिटी सेंटर सीएमएचओ ऑफिस के पास दोपहर 1 से 2 बजे तक
नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल मरीन ड्राइव के सामने दोपहर 2 से 3 बजे तक

विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिवाकर पाण्डेय
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MS, M.Ch (Surgical Oncology)
Tata Memorial Hospital ,Mumbai
DNB (Surgical Oncology), FACS, FSSO (USA)
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
- स्तन में गाँठ
- मुँह में अल्सर या गले में गाँठ
- मल या मूत्रविसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.